प्रस्तावित 15 फाइव स्टार होटलों पर व्यय

3146. **श्री निहाल सिंह** : क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के उन 15 स्थानों के नाम क्या हैं जहां 15 फाइव स्टार होटल खोलने का सरकार का प्रस्ताव है ;

(ख) प्रत्येक होटल के निर्माण में कितनी धनराशि व्यय होगी; और

(ग) प्रत्येक होटल का निर्माण कब तक होने की सम्भावना है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री खुर्शीद आलम खान) : (क) से (ग). सरकार होटलों का निर्माण नहीं करती । केन्द्रीय सैक्टर में यह कार्यकलाप भारत पर्यटन विकास निगम (आई०टी०डी०सी०) और होटल कार्पोरेशन आफ इंडिया (एच० सी० आई०) द्वारा किया जाता है, जो एयर इंडिया की एक सहायक संस्था है ।

चालू पंचवर्षीय योजना (1980–85) के दौरान आई० टी० डी० सी० तथा एच० सी० आई० निम्नलिखित होटलों का निर्माण कर रहा है, जिनमें 5–स्टार की सुविधाएं होंगी :—

(क) आई० टी० डी० सी०

18 करोड़ रु० (संशोधित लागत) की अनुमानित लागत पर नई दिल्ली में कौटिल्य होटल । इस होटल का निर्माण सितम्बर/अक्तूबर, 1982 तक पूरा हो जाने की संभावना है ।

भारत पर्यटन विकास निगम की छठी पंचवर्षीय योजना में बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में होटलों के निर्माण की भी व्यवस्था है । संतोषजनक व्यवहार्यता रिपोर्टों, धनराशि की उपलब्धता तथा मांग के आधार पर 5-स्टार श्रेणी में इन होटलों का निर्माण किया जा सकता है ।

(ख) एच० सी० आई०

(1) 20.25 करोड़ रु० की अनुमानित लागत पर नई दिल्ली में सेंटोर होटल । सितम्बर, 1982 तक होटल का आंशिक रूप से परिचालन हो जाएगा ।

(2) 14 करोड़ रु० (अनुमानित लागत का संशोधन विचाराधीन है) की अनुमानित लागत पर बम्बई में सेंटोर जुहू होटल । जून/जुलाई 1983 तक होटल का परिचालन हो जाएगा ।

(3) 10.99 करोड़ रु० (संशोधन-लागत विचाराधीन) की अनुमानित लागत पर श्रीनगर में सेंटोर लेक व्यू होटल । होटल का परिचालन मार्च/अप्रैल, 1983 तक हो जाएगा ।

राज्य व्यापार निगम द्वारा सामान का निर्यात

3147. **श्री निहाल सिंह** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की

(क) 1 जनवरी, 1978 से 31 दिसम्बर, 1981 की अवधि के दौरान राज्य व्यापार